भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2829

11 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

वायु रक्षा परियोजना

2829. डॉ. सुकान्त मजूमदारः
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः
श्री विनोद कुमार सोनकरः
श्री भोला सिंहः
श्री राजा अमरेश्वर नाईकः
डॉ. जयंत कुमार रायः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में गुलमर्ग वन्यजीव अभयारण्य में तथा इसके आस-पास एक वायु रक्षा और हथियार परियोजना के साथ-साथ एक हैलीपैड निर्माण आरंभ करने की योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) ने उपर्युक्त परियोजना हेतु अपनी पूर्ण सहमति दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पाक अधिकृत कश्मीर और नियंत्रण रेखा पर नजर रखने के लिए सरकार का उपर्युक्त परियोजना में एक राडार प्रणाली की स्थापना का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा गत एक वर्ष के दौरान जम्मू और कश्मीर में रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए क्या अन्य कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

******